आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–27 फरवरी 2026 **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार द्वारा प्रक्रियाओं को सरल बनाने, सुगम व्यापार और प्रौद्योगिकी आधारित सुशासन के विस्तार के साथ देश रिफार्म एक्सप्रेस पर सवार है। आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से "विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार और वित्त" विषय पर आयोजित बजट उपरांत वेबिनार को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने यह बात कही।

राष्ट्रीय बजट पॉलिसी रोड मैप होता है। इसलिए बजट की प्रभावशीलता का आकलन भी ठोस पैरामीटर पर किया जाना चाहिए। ऐसी नीतियां, जो इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करें, जो क्रेडिट के प्रवाह को आसान बनाएं, जो इज–ऑफ–डूइंग बिजनेस बढ़ाएं, जो गवर्नेंस में ट्रांसपेरेंसी बढ़ाएं, जो जनता का जीवन आसान बनाए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सुधार की गति को बनाए रखने के लिए नीतिगत इरादों तक ही सीमित न रहकर उत्कृष्ट क्रियान्वयन पर भी ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने एआई, ब्लॉकचेन और डेटा एनालिटिक्स के व्यापक उपयोग के माध्यम से पारदर्शिता, गति और जवाबदेही बढ़ाने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में सरकार ने अवसंरचना पर विशेष ध्यान दिया है।

11 साल पहले पब्लिक ३. के लिए बजट में लगभग 2 लाख करोड रुपए का प्रावधान था। मौजूदा बजट में यह बढ़कर लगभग 12 लाख करोड रुपए के पार हो गया है। इतने बड़े पैमाने पर सरकारी निवेश होना, प्राइवेट सेक्टर के लिए भी एक स्पष्ट संदेश है।

****

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि एन.सी.ई.आर.टी. की पुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पर अध्याय शामिल करना दुर्भाग्यपूर्ण है और सरकार इस मामले को गंभीरता से ले रही है। संवाददाताओं से बातचीत में श्री प्रधान ने कहा कि उन्होंने एन.सी.ई.आर.टी. को सभी पुस्तकें वापस लेने और रद्द करने का निर्देश दिया है। इस मामले पर खेद व्यक्त करते हुए श्री प्रधान ने कहा कि मंत्रालय, सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन करेगा।

जो घटना हुई है, उसको हम गंभीरता से लेते हैं। एनसीईआरटी के ऊपर उस पर उसको और इंक्वारी किया जाएगा, जो भी व्यक्ति से उस किताब को बनवाने में, उस चौप्टर को बनवाने में संलग्न हैं। उनके ऊपर कार्रवाई की जाएगी। आगे यह गलती ना हो, न्यायपालिका को आश्वस्त करते हैं। मैं मानता हूं हमारी भारत जैसे बड़े प्रजातंत्र की यही सुंदरता है। न्यायपालिका के आदर्श स्थान है, न्यायपालिका के सर्वोच्च स्थान है।

इससे पहले सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पर अध्याय वाली कक्षा 8 की एन.सी.ई.आर.टी. की पुस्तक पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था।

****

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्यौगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि एआई के उपयोग में विश्वसनीयता बेहद महत्वपूर्ण है। आज दोपहर नई दिल्ली में एक मीडिया समूह द्वारा आयोजित राइजिंग भारत समिट को संबोधित करते हुए श्री वैष्णव ने एआई परिवर्तन को गंभीरता से लेने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार प्रतिभाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दे रही है और इस दिशा में राज्य सरकारों को भी काफी प्रयास करने होंगे।

****

लखनऊ में आज आयोजित एक बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आउटसोर्सकर्मी, संविदाकर्मी और सफाईकर्मी सहित सभी कर्मचारियों का वेतन होली से पहले देने के लिए दिशा निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां दी। एक रिपोर्ट–

मुख्यमंत्री ने कहा कि शनिवार अट्ठाइस फरवरी को कार्य दिवस घोषित किया गया है। इसके बदले सभी कर्मचारियों को तीन मार्च को अवकाश मिलेगा। इससे पहले होली पर दो और चार मार्च को अवकाश की घोषणा की गई थी। अब प्रदेश में होली के अवसर पर दो, तीन और चार मार्च को अवकाश मिलेगा। इससे पहले एक मार्च को रविवार होने की वजह से लगातार चार दिन की छुट्टी रहेगी। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

मथुरा, अयोध्या और वाराणसी सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज रंगभरी एकादशी हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है। ब्रज मंडल के श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर, द्वारिकाधीश मंदिर और बांकेबिहारी मंदिर सहित अन्य प्रमुख मंदिरों में रंगभरी एकादशी पर देश–विदेश से आने वाले श्रद्धालु अबीर, गुलाल व रंगों में सराबोर हो रहे हैं। अयोध्या में भी आज से रंगोत्सव का शुभारंभ हो गया। आज आस्था और उल्लास के संगम के बीच हनुमानगढ़ी में हनुमान जी का पूजन अर्चन कर होली उत्सव की विधिवत शुरूआत हुई। वाराणसी में रंगभरी एकादशी पर शिर्वाचनम मंच पर कार्यक्रमों के दौरान फूलों की होली खेली जा रही है।

****

मौसम विभाग ने एक से चार मार्च के बीच प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में तेज सतही हवा चलने की संभावना जतायी है। विभाग के अनुसार इस अवधि में मौसम शुष्क रहेगा।

****